**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-3229**
**उत्तर देने की तारीख-16/12/2024**

**विजयपुरा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सुधार**

**†3229. श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागि:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा कर्नाटक के विजयपुरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में विशेषकर राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) योजना के माध्यम से शिक्षा अवसंरचना में सुधार करने के लिए क्या पहल की गई है; और
(ख) विजयपुरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कितनी शैक्षणिक संस्थाएं आरयूएसए योजना से लाभन्वित हुई हैं और इन संस्थाओं को कुल कितनी धनराशि प्रदान की गई है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) और (ख): सरकार ने शैक्षिक रूप से असेवित/अल्पसेवित क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए 12926.10 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ जून 2023 में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के रूप में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) के तीसरे चरण का शुभारंभ किया है।

वर्ष 2013 में इस योजना की शुरुआत के बाद से, कर्नाटक के विजयपुरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 42 करोड़ रुपये की राशि के साथ कुल 5 इकाइयों को समर्थन हेतु मंजूरी दी गई है अर्थात 'कॉलेजों को मजबूत करने के लिए अनुदान' घटक के अंतर्गत 2 कॉलेजों, 'कॉलेजों को अवसंरचना अनुदान' घटक के अंतर्गत 1 कॉलेज, 'विश्वविद्यालय को अवसंरचना अनुदान' घटक के अंतर्गत 1 विश्वविद्यालय और 'लैंगिक समावेशन और समानता पहल' घटक के अंतर्गत 1 परियोजना को अनुमोदित की गई हैं।

*****